सूचना

दरभंगा न्यायमंडल के पक्षकारों/सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधीनस्थ न्यायालयों के विरुद्ध आरोप एवं आरोप की वास्तविकता/शुद्धता के प्रभावी जाँच के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय, पटना के निर्देशानुसार एक शिकायत पेटी **(Vigilance Cell, Patna High Court)** व्यवहार न्यायालय, दरभंगा में स्थापित की गयी है साथ हीं **E-mail ID - complainjo-bih@gov.in** उपलब्ध कराया गया है। उक्त शिकायत पेटी के साथ अंकित सूचना निम्न प्रकार है:–

1. केवल शपथ पत्र से समर्थित शिकायत आवेदन (आवेदनों) पर हीं विचार किया जाएगा।
2. शिकायत आवेदन में उस अधिकारी (अधिकारियों) के नाम और पदनाम के साथ विशिष्ट वाद संख्या(ओं) के साथ शिकायतों/आरोपों को स्पष्ट रूप से प्रकट किया जाएगा जिनके खिलाफ आरोप लगाए गए हैं।
3. शिकायत आवेदन संक्षिप्त होनी चाहिए, जिसमें जाँच योग्य सामग्री/विवरणी हो।
4. अस्पष्ट और असंगत आरोपों वाले शिकायत आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. ई–मेल के माध्यम से समर्पित किये जाने वाले शिकायत आवेदन के साथ शपथ–पत्र अवश्य संलग्न होना चाहिए।

आदेश से
23/05/2025
न्यायालय प्रबंधक,
व्यवहार न्यायालय, दरभंगा